डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांक: **COE/065/2025** दिनांक: **10-03-2025**

सेवा में,

समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष,
आवासीय परिसर के समस्त संस्थान,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय/महोदया,

माननीया कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 10.03.2025 को अतिथि गृह, खन्दारी परिसर में सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवत्त आपको कृत कार्यवाही हेतु निम्नवत् प्रेषित है:–

1. आवासीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाऐं 01 मई, 2025 से 15 मई, 2025 के मध्य में आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया।
2. प्रयोगात्मक परीक्षाऐं 15 अप्रैल, 2025 से 30 अप्रैल, 2025 के मध्य आयोजित कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
3. आवासीय परिसर की विभिन्न पाठ्यक्रमों की ऐसी उत्तर पुस्तिकाऐं जिनका मूलयांकन किन्हीं कारणवंश सम्पन्न नहीं हो पाया है ऐसी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च 2025 तक करा लिया जाए, साथ ही यह निर्देश दिया गया कि समयबद्ध कार्य सम्पन्न कराये जाने के क्रम में प्रश्न पत्र रचना करने वाले परीक्षकों की अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य परीक्षक से मूल्यांकन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गए।
4. आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों का समस्त शुल्क जमा कराये जाने हेतु पोर्टल खोले जाने के निर्देश दिये गए।
5. परास्नातक पाठ्यक्रमों की उत्तर पुस्तिकाऐं जिनका मूलयांकन होकर परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके है कि मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय के भण्डार गृह, छलेसर परिसर में भेजे जाने के निर्देश दिये गए।
6. उक्त बैठक में आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के Syllabus में एकरूपता रखने के दृष्टिगत होली अवकाश के बाद पुनः बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गए।
7. आवासीय परिसर के समस्त संस्थान के दिनांक 20.03.2025 से 30.03.2025 तक पाठ्यक्रम वार परीक्षक पैनल प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. नोडल अधिकारी।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/वित्त अधिकारी कार्यालय।
5. एजेन्सी 2024 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक